ई-मेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0/ परिषद-9/ मान्यता/ 229 दिनांकः 25-06-2025

विषयः संस्थाओं द्वारा मान्यता हेतु आवेदन किये जाने सम्बन्धी पोर्टल पर तकनीकी समस्या के दृष्टिगत विद्यालयों को मान्यता प्रदान किये जाने के लिये निर्धारित तिथियों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के संलग्न पत्र संख्या- 723/15-7-2025 दिनांक 25.06.2025 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद के विनियमों के अध्याय-सात के विनियम-3 में निर्धारित तिथियों के क्रम में सत्र- 2025-2026 हेतु मान्यता आवेदन की तिथियों में निम्नवत् संशोधन किया गया है:-

| वर्तमान व्यवस्था | सत्र- 2025-2026 हेतु प्रस्तावित व्यवस्था |
|---|---|
| 3(क) हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के द्विवार्षिक परिषदीय सत्र हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र विहित प्रपत्र पर (मान्यता हेतु निर्धारित शुल्क के साथ) आवेदन सम्यक रूप से वांछित प्रमाण-पत्रों सहित आन लाइन भरा जायेगा। आनलाइन आवेदन पत्र उन वर्ष के लिये जिसमें कक्षाओं को खोलने की प्रस्तावना हो, के पूर्ववर्ती वर्ष की 01 अप्रैल से 15 मई (बिना विलम्ब शुल्क के) तक स्वीकार किया जायेगा। 16 मई से 31 मई तक आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क के साथ आन लाइन स्वीकार किये जायेंगे। 31 मई के पश्चात् कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। | 3(क) हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट के द्विवार्षिक परिषदीय सत्र हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र विहित प्रपत्र पर (मान्यता हेतु निर्धारित शुल्क के साथ) आवेदन सम्यक रूप से वांछित प्रमाण-पत्रों सहित आन लाइन भरा जायेगा। आनलाइन आवेदन पत्र उस वर्ष के लिये जिसमें कक्षाओं को खोलने की प्रस्तावना हो, के पूर्ववर्ती वर्ष की 01 अप्रैल से 15 जून (बिना विलम्ब शुल्क के) तक स्वीकार किया जायेगा। 16 जून से 30 जून तक आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क के साथ आन लाइन स्वीकार किये जायेंगे। 30 जून के पश्चात् कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। |
| (ख) जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आन लाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर निम्नांकित तिथियों के अनुसार मान्यता के आवेदन- पत्रों की सूची, जिसमें विद्यालय का नाम, आवेदित परीक्षा वर्ष तथा हाईस्कूल नवीन अथवा सीधे एवं इण्टर नवीन/वर्ग/ विषय का उल्लेख हो, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव को आन लाइन उपलब्ध कराया जायेगाः- | (ख) जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आन लाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर निम्नांकित तिथियों के अनुसार मान्यता के आवेदन- पत्रों की सूची, जिसमें विद्यालय का नाम, आवेदित परीक्षा वर्ष तथा हाईस्कूल नवीन अथवा सीधे एवं इण्टर नवीन/वर्ग/ विषय का उल्लेख हो, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव को आन लाइन उपलब्ध कराया जायेगाः- |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| (1) 15 मई तक प्राप्त आवेदन- पत्रों की सूची-31 मई तक<br>(2) 31 मई तक प्राप्त आवेदन-पत्रों (विलम्ब शुल्क सहित) की सूची- 10 जून तक अथवा सीधे एवं इण्टर नवीन/वर्ग/विषय का उल्लेख हो, सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय सचिव को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगा। | (1) 15 जून तक प्राप्त आवेदन- पत्रों की सूची-30 जून तक<br>(2) 30 जून तक प्राप्त आवेदन-पत्रों (विलम्ब शुल्क सहित) की सूची- 10 जुलाई तक |

कृपया शासनादेश दिनांक 25.06.2025 के अनुसार यथावांछित कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः उक्तवत्।

भवदीय

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/ परिषद-9/ मान्यता/ 229 (1-6) दिनांकः 25-06-2025

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-7, लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
4. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर।
6. उप सचिव (सिस्टम सेल), मा0शि0प0, मुख्यालय, प्रयागराज।

25.6.2025

(भगवती सिंह)
सचिव।

Scanned with CamScanner